# BULANDSHAHR POLICE

दिनांक 24 अक्टूबर, 2025 थाना खुर्जा नगर

## नेत्रपाल उर्फ पाली की हत्या का सफल अनावरण, घटना में संलिप्त 01 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जें/निशादेही से आलाकत्ल ईट बरामद ।

अवगत कराना है कि 20.10.2025 को वादी श्री हुकुम सिंह पुत्र नेम सिंह निवासी ग्राम दयौरार थाना जेवर जनपद गौतमबुद्धनगर ने थाना खुर्जा नगर पर तहरीर दी कि अज्ञात अभियुक्त द्वारा वादी के पुत्र नेत्रपाल की हत्या कर दी गयी हैं इस संबंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना खुर्जा नगर पर मुअसं 979/25 धारा 103(1) बीएनएस पंजीकृत किया गया।

उक्त घटना के क्रम में आज दिनांक 24.10.2025 को थाना खुर्जा नगर पुलिस टीम द्वारा घटना में संलिप्त 01 अभियुक्त को कस्बा खुर्जा स्थित पुराना जीटी रोड से गिरफ्तार किया गया हैं।

अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना खुर्जा नगर पर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है ।

### गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम पता-

1- रविन्द्र पुत्र नानकचन्द निवासी ग्राम अमरगढ थाना जहांगीराबाद जनपद बुलन्दशहर । (हाल निवासी ग्राम टैना गौसपुर थाना खुर्जा नगर बुलन्दशहर ।)

### बरामदगी-

1- 01 ईट (आलाकत्ल)


**घटना का विवरणः-** गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा पूछताछ पर बताया कि वह और मृतक नेत्रपाल उर्फ पाली अक्सर साथ में शराब पीते थे, उसने मृतक को 3200/- रुपये उधार दिये थे। अब पैसे वापस मांगने पर मृतक ने पैसे देने से मना करता था तथा उसे गंदी गंदी गालिया देता था। इस बात को लेकर उसका मृतक से झगडा भी हुआ था । दिनांक 18.10.2025 की रात्रि में समय करीब 8/9 बजे मृतक उसे मिला था, तो शराब पीने के उपरान्त अभियुक्त रविन्द्र ने मृतक से अपने पैसे मांगे तो मृतक ने उसे पैसे देने से मना कर दिया तथा उसे गन्दी गन्दी गालिया देने लगा। उसने गुस्से में आकर पास में रखी ईट उठाकर नेत्रपाल उर्फ पाली के सिर में मार दी, जिससे उसकी मृत्यु हो गयी।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. श्री पंकज राय प्रभारी निरीक्षक थाना खुर्जा नगर
2. है0का0 रोबिन कुमार, है0का0 जितेन्द्र कुमार, का0 प्रवेश बैसला, का0 श्यामू सिंह, का0 विनीत कुमार, का0 नवनीत कुमार







**मीडिया सेल बुलंदशहर**